**जनपद हमीरपुर**

**प्रेसनोट**

**दिनांक 31.07.2026**

# गरिमामय सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह रिजर्व पुलिस लाइन्स, जनपद हमीरपुर

आज दिनांक 31.07.2026 को रिजर्व पुलिस लाइन्स, जनपद हमीरपुर में गरिमामय सेवानिवृत्ति एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे **उपनिरीक्षक शिवभवन, उपनिरीक्षक लिपिक शरीफ उद्दीन तथा उर्दू अनुवादक/वरिष्ठ सहायक फारुक अहमद** के उत्कृष्ट कार्य, निष्ठा, अनुशासन एवं सेवाभाव की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि इन कार्मिकों ने अपने सेवाकाल में पूर्ण समर्पण, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया, जो विभाग के अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत्त कार्मिकों के स्वस्थ, सुखद एवं सम्मानपूर्ण भविष्य की कामना करते हुए विभाग की ओर से उन्हें शुभकामनाएं प्रदान कीं।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन्स, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

